

## सवेतन पारिवारिक छुट्टी

# उन पलों के लिए उपलब्ध होने में कैलिफोर्निया वासियों की मदद करना, जो मायने रखते हैं।





DE 2511D/HI Rev. 23 (5-25) **(INTERNET)**



# क्या मैं सवेतन पारिवारिक छुट्टी के लिए योग्य हूं?

सवेतन पारिवारिक छुट्टी लाभों के लिए योग्य होने हेतु, आपके लिए आवश्यक है:

- गंभीर रूप से बीमार पारिवारिक सदस्य की देखभाल के लिए, नवजात बच्चे के साथ संबंध (बॉन्डिंग) के लिए या एक योग्य सैन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए काम से छुट्टी लेना।
- राज्य विकलांगता बीमा या राज्य विकलांगता बीमा के बदले स्वैच्छिक योजना में कवर किया गया हो।
- पिछले 5 से 18 महीनों में कम से कम $300 की कमाई हुई हो।
- आपकी पारिवारिक छुट्टी शुरू होने के बाद 41 दिनों में अपना दावा जमा करें। छुट्टी के अपने पहले दिन से पहले दाखिल न करें।

# लाभों की राशियां का हिसाब कैसे लगाया जाता है?

लाभ आपकी सबसे ज्यादा तिमाही कमाई का 70 से 90 प्रतिशत होते हैं, आपका दावा शुरू होने के 5 से 18 महीने पहले।

अपने लाभों का अनुमान Disability Insurance and Paid Family Leave Calculator पर लगाएं।



# क्या सवेतन पारिवारिक छुट्टी नौकरी सुरक्षा प्रदान करती है?

सवेतन पारिवारिक छुट्टी नौकरी सुरक्षा प्रदान नहीं करती। नौकरी सुरक्षा तब प्रदान की जा सकती है, यदि आप अन्य कानूनों के अंतर्गत योग्य होते हैं:

- संघीय Family and Medical Leave Act
- कैलिफ़ोर्निया का परिवारिक अधिकार अधिनियम। Civil Rights Department.

अपने नियोक्ता को आपकी कंपनी की पॉलिसी के मुताबिक छुट्टी लेने के लिए आपकी योजना और छुट्टी लेने का कारण बताएं।

# मैं लाभों के लिए कैसे आवेदन करूं?

आप myEDD पर सवेतन पारिवारिक छुट्टी के लाभों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डाक द्वारा दाखिल करने के लिए, आपको *Claim for Paid Family Leave (PFL) Benefits* (DE 2501F) फार्म पूरा करके जमा करना होगा। अधिक जानकारी File a Paid Family Leave Claim by Mail पर लें।

# देखभाल करने के दावे

गंभीर रूप से बीमार अपने उस पारवारिक सदस्य का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रदान करें, जिसे आपकी देखभाल की जरूरत है। यह प्रमाणीकरण उनके लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य व्यावसायिक की तरफ से होना जरूरी है। आपको अपने उस पारिवारिक सदस्य के बारे में जानकारी और हस्ताक्षर भी प्रदान करने होंगे, जिसकी आप देखभाल कर रहे हैं।

# संबंध (बॉन्डिंग) के दावे

ऐसे दस्तावेज प्रदान करें, जो आपके बच्चे के साथ आपके रिश्ते को दर्शाते हों। यह आपके बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र, गोद लेने का प्लेसमेंट करार, या पालन-पोषण देखभाल प्लेसमेंट रिकॉर्ड की प्रति हो सकती है।

यदि आप इस समय गर्भावस्था-संबंधी विकलांगता बीमा लाभ प्राप्त कर रही हैं, तो सवेतन पारिवारिक छुट्टी दावा फॉर्म का अनुरोध करना जरूरी नहीं है। संबंध (बॉन्डिंग) के लिए दाखिल करने का फॉर्म आपके myEDD खाते या डाक द्वारा भेजा जाएगा, जब आपकी गर्भावस्था-संबंधी विकलांगता दावा खत्म होगा।



## सेना सहायता के दावे

सेना के सहायता दावों के लिए दो प्रकार के सहायक दस्तावेज़ों की जरूरत होती है। यह कवर की जाने वाली एक्टिव ड्यूटी का प्रमाण या कवर की जाने वाली एक्टिव ड्यूटी के लिए बुलाने और योग्य कार्यक्रम के दस्तावेज़ हो सकते हैं।

## स्वैच्छिक योजनाएं

यदि आपको स्वैच्छिक योजना द्वारा कवर किया गया है, तो कवरेज के बारे में जानकारी और इस बारे में निर्देशों के लिए कि लाभों के लिए कैसे आवेदन करना है, अपने नियोक्ता से संपर्क करें।

## यदि मेरा दावा अस्वीकार किया जाता है तो क्या होगा?

यदि आपका दावा अस्वीकार किया जाता है, तो आपको निम्नलिखित का अधिकार है:

- अस्वीकार करने का कारण जानना।
- लाभ अवधि के लिए अपनी पात्रता के बारे में निर्णयों पर अपील करें, अधिक जानकारी के लिए Appeals पर जाएं।

पूरी दावा जानकारी गोपनीय होती है, कानून द्वारा अनुमति दिए गए उद्देश्यों को छोड़कर।

## सवेतन पारिवारिक छुट्टी के बारे में

सवेतन पारिवारिक छुट्टी कार्यक्रम उन पलों के लिए बनाया गया था, जो मायने रखते हैं। लाभ, गंभीर रूप से बीमार पारिवारिक सदस्य की देखभाल के लिए, नवजात बच्चे के साथ संबंध (बॉन्डिंग) के लिए या योग्य सैन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उपलब्ध हैं।

# सवेतन पारिवारिक छुट्टी के बारे में तथ्य

- ये आंशिक-वेतन-प्रतिस्थापन संबंधी लाभ, आठ सप्ताह तक प्रदान करती है। छुट्टी को एक बार में ही पूरा लेना जरूरी नहीं है।
- ये आपकी साप्ताहिक तनख्वाह का लगभग 70 से 90 प्रतिशत प्रदान करती है।
- आपके राज्य विकलांगता बीमा टैक्स कटौती द्वारा वित्तपोषित, पेस्टब्स पर “CASDI” के तौर पर दी गइ, या पिछले 5 से 18 महीनों में भुगतान की गइ योग्य स्वैच्छिक योजना।
- नवजात बच्चे के साथ संबंध (बॉन्डिंग) के लिए छुट्टी, बच्चे के आपके परिवार में दाखिल होने के पहले 12 महीनों के अंदर किसी भी समय ली जा सकती है।
- नागरिकता और अप्रवासन स्थिति पात्रता को प्रभावित नहीं करती।





# सवेतन पारिवारिक छुट्टी

उन पलों के लिए उपलब्ध रहें, जो मायने रखते हैं।

## PFL फोन नंबर

हमारा टोल-फ़्री नंबर **1-877-238-4373** है। प्रतिनिधि छुट्टियों को छोड़कर, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहते हैं। संक्षिप्त संदेश के बाद, आपको भाषा चुननी होगी।

- अंग्रेजी के लिए 1 दबाएं
- स्पेनिश के लिए 2 दबाएं
- अन्य सभी भाषाओं के लिए 3 दबाएं। दुभाषिया सेवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं।

## TTY फोन नंबर

हमारा टोल-फ़्री नंबर **1-880-445-1312** है।

अधिक जानकारी के लिए, State Disability Insurance पर जाएं।

अधिक जानकारी के लिए, Paid Family Leave पर जाएं